केन्द्रीय विद्यालय संगठन
18 संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग
नई दिल्ली – 110016
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN (HQ)
18, INSTITUTIONAL AREA, SHAHEED JEET SINGH MARG,
NEW DELHI-110016
दूरभाष /Tel-26858570,

तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

फ. सं. 11-RPS054/1/2026-RPS दिनांक 24.03.2026

**विज्ञापन संख्या 01/2026**

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद को भरा जाना**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत एक स्वायत्त निकाय प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद को भरने हेतु इच्छुक है। पदों के लिए रिक्तियों की संख्या, वेतनमान, पात्रता मानदंड और योग्यता निम्न प्रकार हैं:

| पद का नाम और वेतनमान ग्रेड वेतन सहित | रिक्तियों की संख्या | पात्रता मानदंड |
|---|---|---|
| **अधिशासी अभियंता**<br>7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-11 (रु॰67700 से रु॰208700) | 01 (एक) | कृपया अनुलग्नक-I देखें |
| **सहायक निदेशक (राजभाषा)**<br>7वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स का वेतन स्तर-10 (रु॰56100 से रु॰177500) | 01 (एक) | कृपया अनुलग्नक-I देखें |

**नोट:** फीडर श्रेणी के विभागीय अधिकारी जो पदोन्नति की सीधी कतार में हैं, प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने के पात्र नहीं होंगे। इसी प्रकार प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा आए व्यक्ति भी पदोन्नति द्वारा नियुक्ति हेतु विचार के पात्र नहीं होंगे। इस नियुक्ति से तुरंत पहले धारित अन्य संवर्ग-बाह्य पदों पर धारित प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति तीन वर्षों से अधिक की नहीं होगी।

**प्रतिनियुक्ति की अवधि और अन्य निबंधन एवं शर्तें**:
कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 28.03.2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 1726140763694 के अनुसार प्रतिनियुक्ति की निबंधन एवं शर्तें विनियमित की जाएंगी। प्रतिनियुक्ति की अवधि तीन वर्षों की होगी, जिसे वर्ष-दर-वर्ष आधार पर दो वर्षों तक बढ़ाया जा सकता है । तथापि, जिसे केन्द्रीय विद्यालय संगठन के विवेक पर प्रतिनियुक्ति की प्रारंभिक/विस्तारित अवधि पूर्ण होने से पूर्व किसी भी समय समाप्त किया जा सकता है।

प्रतिनियुक्ति के लिए आवेदकों की अधिकतम आयु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 56 वर्ष से कम होनी चाहिए।

**आवेदन के साथ भेजे जाने वाले दस्तावेज: पात्र** और इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में उचित माध्यम से आवेदन कर सकते है (अनुलग्नक-II) । संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारियों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि वे उन पात्र और इच्छुक उम्मीदवारों के आवेदन अग्रेषित करें, जिनकी सेवाएं उनके चयन की स्थिति में प्रतिनियुक्ति पर तत्काल मुक्त की जा सकती हैं । केवल ऐसे अधिकारियों के आवेदन पर ही विचार किया जाएगा जिन्हें उचित माध्यम से भेजा गया हैं तथा जिनके साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न किए गए हैं:

i. सतर्कता अनापत्ति /सत्यनिष्ठता प्रमाण पत्र (अनुलग्नक III का मद संख्या 4)
ii. पिछले पांच (5) वर्षों के वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट / वार्षिक कार्य मूल्याँकन रिपोर्ट की फोटोकॉपी। सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रत्येक पृष्ठ पर विधिवत सत्यापित (अनुलग्नक III का मद संख्या 5)

आवेदन अग्रेषित करते समय, संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा यह भी प्रमाणित किया जाए कि उम्मीदवार द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण उसके सेवा रिकॉर्ड से सत्यापित कर लिए है तथा सही पाए गए हैं (अनुलग्नक III का मद संख्या 6)

अतः अनुरोध है कि उपयुक्त और योग्य अधिकारी के संबंध में आवेदन ऊपर सूचीबद्ध दस्तावेजों को संलग्न करते हुए **अपर आयुक्त (प्रशासन) केन्द्रीय विद्यालय संगठन 18, संस्थागत क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016** को केवल पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा जाए। सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **30.04.2026** है।

यह स्पष्ट किया जाता है कि नियोक्ता द्वारा किसी भी प्रकार की सशर्त अग्रेषण (फॉरवर्डिंग) या निर्धारित दस्तावेजों एवं नियोक्ता के प्रमाणपत्र के बिना प्राप्त आवेदन को सीधे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या अन्यथा अपूर्ण पाए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। केन्द्रीय विद्यालय संगठन किसी भी समय बिना कोई कारण बताए रिक्ति परिपत्र को वापस लेने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

**टिप्पणी:** हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करणों मे भिन्नता/ मतभेद की स्थिति मे अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

हस्ताक्षर /-

(दीपेश गहलोत)
अपर आयुक्त (प्रशासन)

**अनुलग्नक-I**

## प्रतिनियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड

**अधिशासी अभियंता के पद हेतु**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक डिग्री।

a. मूल कैडर में समान वेतनमान पर समकक्ष पद धारण करते हों तथा सिविल कार्यों का अनुभव हो।

**अथवा**

b. वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7 में सहायक अभियंता (सिविल) के रूप में सिविल कार्यों में 7 वर्ष का अनुभव।

**अथवा**

c. वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में सहायक कार्यपालक अभियंता (सिविल) या समकक्ष पद, जिसमें उस ग्रेड में 4 (चार) वर्ष की नियमित सेवा हो।

**सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद हेतु**

केंद्र/राज्य सरकार/केंद्र शासित प्रदेशों के अधिकारी:

**A.**

(i) मूल कैडर/विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद पर कार्यरत हों;

**अथवा**

(ii) वेतन मैट्रिक्स के लेवल-7 (₹44,900 से ₹1,42,400) में नियुक्ति के पश्चात उस पद पर 3 वर्ष की नियमित सेवा हो।

**तथा**

**B. निम्नलिखित शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव होना आवश्यक है:**

(i) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी में मास्टर डिग्री, जिसमें अंग्रेजी विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहा हो अथवा डिग्री स्तर पर परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी रहा हो;

**अथवा**

अंग्रेजी में मास्टर डिग्री, जिसमें हिंदी विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहा हो अथवा डिग्री स्तर पर परीक्षा का माध्यम हिंदी रहा हो;

**अथवा**

हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें माध्यम हिंदी रहा हो तथा अंग्रेजी विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहा हो अथवा परीक्षा का माध्यम रहा हो;

**अथवा**

हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें माध्यम अंग्रेजी रहा हो तथा हिंदी विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहा हो अथवा परीक्षा का माध्यम रहा हो;

**अथवा**

हिंदी या अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में मास्टर डिग्री, जिसमें हिंदी और अंग्रेजी दोनों विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहे हों या इनमें से एक परीक्षा का माध्यम रहा हो तथा दूसरा विषय अनिवार्य या ऐच्छिक रहा हो।

(ii) हिंदी में शब्दावली (टर्मिनोलॉजी) के उपयोग/प्रयोग तथा अंग्रेजी से हिंदी या हिंदी से अंग्रेजी में अनुवाद कार्य का 3 वर्ष का अनुभव, अधिमानतः तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य से संबंधित, जो केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/वैधानिक संगठन/सार्वजनिक उपक्रम/विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थानों में प्राप्त हो;

**अथवा**

हिंदी एवं अंग्रेजी में शिक्षण या हिंदी अथवा अंग्रेजी में शोध कार्य का 3 वर्ष का अनुभव, जो केंद्र/राज्य सरकार/स्वायत्त निकाय/वैधानिक संगठन/सार्वजनिक उपक्रम/विश्वविद्यालय या मान्यता प्राप्त अनुसंधान या शैक्षणिक संस्थानों में प्राप्त हो।

**अनुलग्नक-II**

केन्द्रीय विद्यालय संगठन में प्रतिनियुक्ति के आधार पर स्थानांतरण द्वारा अधिशासी अभियंता एवं सहायक निदेशक (राजभाषा) के पद के लिए आवेदन

आवेदित पद:-__________________________

<table>
<tr><td>1</td><td colspan="2">नाम</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="2">जन्म तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="2">वर्तमान पद</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="2">वर्तमान पद धारण करने की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>5</td><td colspan="2">वर्तमान तैनाती स्थान</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>6</td><td colspan="2">मूल संवर्ग</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>7</td><td colspan="2">सेवा ग्रहण करने की तिथि</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>8</td><td colspan="2">वर्तमान पद का वेतन बैंड</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>9</td><td colspan="2">आहरित मूल वेतन</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>10</td><td colspan="2">ग्रेड वेतन</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>11</td><td colspan="2">ईमेल आईडी</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>12</td><td colspan="2">संपर्क नंबर</td><td colspan="2"></td></tr>
<tr><td>13</td><td colspan="4">क्या पदों के लिए निर्धारित पात्रता मानदंड संतोषजनक हैं::</td></tr>
<tr><td>14</td><td colspan="4">शिक्षा/व्यावसायिक योग्यता (कृपया स्नातक और उससे ऊपर की शिक्षा का उल्लेख करें)</td></tr>
<tr><td>क्रमांक</td><td>शैक्षिक योग्यता</td><td>विषय</td><td>वर्ष/श्रेणी</td><td>संस्थान/विश्वविद्यालय स्थान/देश</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>15</td><td colspan="4">अनुभव/रोजगार का विवरण (यदि आवश्यक हो तो कृपया एक शीट अलग से संलग्न करें)</td></tr>
<tr><td>कार्यालय</td><td>धारित पद</td><td>से</td><td>तक</td><td>7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर</td></tr>
<tr><td></td><td></td><td></td><td></td><td></td></tr>
<tr><td>16</td><td colspan="3">केन्द्र सरकार के नियमों के तहत सेवानिवृत्ति की तिथि</td><td></td></tr>
<tr><td>17</td><td colspan="3">किए गए प्रशिक्षण</td><td></td></tr>
<tr><td colspan="5"></td></tr>
</table>

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा दी गई उपर्युक्त जानकारी सही है

स्थान और दिनांक:

(उम्मीदवार के हस्ताक्षर)

**अनुलग्नक-III**

**संवर्ग नियंत्रण प्राधिकरण द्वारा भरा जाना है**

कार्यालय .....................

फाइल सं............................................ दिनांक: ..........................

1. यदि उम्मीदवार का चयन हो जाता है, तो उसे तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा
2. प्रमाणित किया जाता है कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरणों की जाँच उपलब्ध अभिलेखों से की गई है और वे सही पाए गए हैं।
3. प्रमाणित किया जाता है कि उम्मीदवार परिपत्र/विज्ञापन में उल्लिखित शर्तों के अनुसार आवेदित पद के लिए पात्र है।
4. उम्मीदवार सतर्कता के दृष्टिकोण से मुक्त है और उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे प्रमाणित है।
5. पिछले पाँच वर्षों की गोपनीय रिपोर्ट / वार्षिक कार्य मूल्याँकन रिपोर्ट की फोटोकॉपी प्रत्येक पृष्ठ पर एक अधिकारी जो अवर सचिव या समकक्ष पद से नीचे का न हो, द्वारा विधिवत सत्यापित किया गया है, संलग्न है ।
6. प्रमाणित किया जाता है कि उम्मीदवार द्वारा दिए गए सेवा विवरण उसके सेवा अभिलेखों से सत्यापित किए गए हैं और सही पाए गए हैं।

दिनांक:

सक्षम/जारीकर्ता प्राधिकारी के हस्ताक्षर और मोहर

स्थान: